कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 03.11.2022**

# //प्रतिवेदन//

## ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदर्शनी एवं विविध कार्यक्रम आयोजन''






**घुमकाः**– शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में भारत के एकता और अखण्डता को मजबूत करने एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''सरदार वल्लभ भाई पटेल : एकीकरण के शिल्पी'' विषय पर दिनांक 25 से 31 अक्टूबर 2022 तक प्रदर्शनी रखी गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन ग्राम पंचायत–घुमका के सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा, इतिहासकार डॉ. आई.आर. सोनवानी, पत्रकार इन्द्रपाल सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. देवांगन द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाले। तत्पश्चत् इतिहास विभागाध्यक्ष श्री दीपक वर्मा सहायक प्राध्यापक ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारतीय स्वाधीनता आंदोलन व भारत के रियासतो के एकीकरण में योगदान पर प्रकाश डाले। यह प्रदर्शनी कार्यक्रम समय 10:30 से 5:30 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त आमजनों के लिए भी निःशुल्क थी। उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

31 अक्टूबर को महाविद्यालय में “Run For Unity” आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण सम्मिलित हुए। 31 अक्टूबर को महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' मनायी गई।

निरंतर ..........

इस कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्र के एकता एवं अंखण्डता हेतु शपथ दिलाये।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री एस.एन. कामड़ी, डॉ. के.डी. देशलहरा, डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, श्रीमती प्रीति खुरसैल, श्री भारतेन्दु प्रसाद वर्मा, श्री देवानंद बंधे श्री विनोद कुमार वर्मा, श्री जयप्रकाश वर्मा, श्रीमती योगिता, श्रीमती वर्षा साहू, कु. रीतु साहू, श्री उकेश कुमार साहू, एवं श्री ओमहरि साहू उपस्थित रहे।

**(डॉ. बी.के. देवांगन)**
**प्राचार्य**
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगाँव (छ.ग.)


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915


**दिनाँक 03.11.2022**

## //फोटोग्राफस//

### ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदर्शनीय विविध कार्यक्रम आयोजन''
















(डॉ. बी.के. देवांगन)
प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगाँव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला—राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 03.11.2022**

# //फोटोग्राफस//

## ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदर्शनीय विविध कार्यक्रम आयोजन''













(डॉ. बी.के. देवांगन)
प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगाँव (छ.ग.)


# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)


web site- www.rablcollege.ac.in   Email : govt.collegeghumka@gmail.com   Phone – 07744-288915

**दिनाँक 16.08..2022**

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## ''घुमका महाविद्यालय में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती मनाया गया''




**घुमका :–** शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका जिला–राजनांदगांव (छ.ग.) में 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. देवांगन एवं मुख्य अतिथि श्री लोकेश वर्मा महासचिव जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव द्वारा संबोधित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने रानी अवंती बाई लोधी के साहस और बलिदान को नमन करते हुए, उन्हे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में बताये, साथ ही श्री दीपक वर्मा सहायक प्राध्यापक इतिहास ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जीवन परिचय, उपलब्धियों एवं संघर्ष पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि रानी अवंती बाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहणी, जिला सिवनी (मध्यप्रदेश) में हुआ था। इनकी माता का नाम कृष्णा भाई एवं पिता का नाम राव जुझारसिंह लोधी था। इन्होंने बचपन से ही तलवारबाजी और घुड़सवारी सीख लिए थे। अवंती बाई का विवाह रामगढ़ रियासत के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह के साथ हुआ। 1850 में विक्रमादित्य रियासत के शासक बने, इनकी अस्वस्थता की अवधि में रानी अवंती बाई ने राज्य संचालन का उत्तरदायित्व का निर्वहन किए। गवर्नर जनरल डलहौजी के 1848 से प्रारंभ हड़प नीति के द्वारा रामगढ़ को 1853 में ''कोर्ट आफ वाड्र्स'' के अधीन कर लिए पति के निधन के बाद राजकार्य का बखूबी संचालन करते हुए, इन्होंने कृषकों के हित में बहुत से कर सुधार कार्य किए। 10 मई 1857 की क्रांति में इन्होंने आसपास के राजाओ, जमींदारों और मालगुजारो को स्वाधीनता

संग्राम हेतु प्रेरित करने के लिए मई 1857 में रामगढ़ में एक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए । रानी ने अपनी सेना के साथ गुजरी, रामनगर और बिछिया क्षेत्रों पर से ब्रिटिश नियंत्रण को समाप्त किए। 30 नवंबर 1857 को खैरी के प्रसिद्ध युद्ध में इन्होंने ब्रिटिश डिप्टी कमिश्नर वडिंगटन को पराजित किए। बाद में वाशिंगटन ने विशाल फौज के साथ रामगढ़ पर आक्रमण किया। रानी ने सीमित संसाधनों व सैन्य बल के बावजूद अदम्य साहस से मुकाबला किए, अंत तक इन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किए और युध्द करते हुए 20 मार्च 1858 को अपने प्राणों की आहुति दे दिए।

कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक वर्मा एवं आभार प्रकट डॉ. एस. डी. त्रिपाठी द्वारा किए गये। कार्यक्रम में डॉ. के. डी. देशलहरा, डॉ. रोहन प्रसाद, बी. पी. वर्मा एवं श्रीमती प्रीति खुरशैल सहायक प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्यातागण एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915


दिनाँक **16.08..2022**


## ''घुमका महाविद्यालय में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती मनाया गया''










(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 31.10.2022**

# //प्रतिवेदन//

## ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध आयोजन सम्पन्न''







**घुमकाः**– शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में दिनांक 31.10.2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. बी.के. देवांगन के कुशल नेतृत्व में छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता का मिशाल प्रस्तुत करते हुए ''रन फॉर युनिटी'' का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं एवं समस्त प्राध्यापकों ने भाग लिया इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया है एवं हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्र के एकीकरण एवं अखण्ड भारत के लिए हम सभी पूर्ण निष्ठा पूर्वक राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कर्त्तव्य का निर्वाह करें। साथ ही प्राचार्य ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस प्रारूप में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिए दायित्व निर्वहण हेतु शपथ दिलाये। इस अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के समग्र जीवन वृत्त पर प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया जिसका उदघाटन ग्राम–पंचायत के सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा एवं इतिहासकार डॉ. आई.आर. सोनवानी के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

निरंतर .............

इतिहास विभाग के समस्त छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धक जानकारी हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आई.आर. सोनवानी अतिथि वक्ता के रूप में एवं इतिहासकार साहित्यकार उपस्थित होकर छात्र–छात्राओं को उत्साहपूर्वक ज्ञान का संचार किया। उपर्युक्त समस्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इतिहास विभाग के सौजन्य से किया गया।

कार्यक्रम के इस अवसर पर पत्रकार श्री इंद्रपाल, पत्रकार श्री पीयूश दुबे, श्री जयकुमार वर्मा, श्री एस.एन. कामड़ी, डॉ. के.डी. देशलहरा डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, श्रीमती प्रीति खुरसैल, श्री दीपक वर्मा, श्री विनोद कुमार वर्मा, श्री जयप्रकाश वर्मा, श्री देवशरण वर्मा, श्रीमती योगिता, श्रीमती वर्षा साहू, कु. संध्या वर्मा, कु. रीतु साहू एवं महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 31.10.2022**


# ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध आयोजन सम्पन्न''











कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 31.10.2022**

## ''घुमका महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध आयोजन सम्पन्न''










(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक भास्कर

भिलाई-राजनांदगांव, मंगलवार, 1 नवंबर, 2022 | 18

# राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए दिलाई शपथ



घुमका| शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कई कार्यक्रम हुए। प्राचार्य डॉ.बीके देवांगन के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता का मिसाल प्रस्तुत करते हुए रन फॉर युनिटी का आयोजन किया। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्र के एकीकरण व अखंड भारत के लिए हम सभी पूर्ण निष्ठा पूर्वक समर्पित भाव से कर्त्तव्य का निर्वाह करें। सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए दायित्व निर्वहन के लिए शपथ दिलाई। इतिहास विभाग ने सरदार पटेल के जीवन वृत्त पर प्रदर्शनी भी लगाई। जिसका उद्‌घाटन सरपंच फूलमती वर्मा व इतिहासकार डॉ. आईआर सोनवानी ने किया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इतिहास विभाग ने किया। इस अवसर पर पत्रकार इंद्रपाल सिंह, पीयूश दुबे, जयकुमार वर्मा, एसएन कामड़ी, डॉ. केडी देशलहरा, डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, प्रीति खुरसैल, दीपक वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, उकेश कुमार साहू, जयप्रकाश वर्मा, देवशरण वर्मा, योगिता, वर्षा साहू, संध्या वर्मा, रीतु साहू आदि उपस्थित थे।

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.com

Email : govt.collegeghumka@gmail.com

क्रमांक 865/इति.विभा/2022

घुमका, दिनांक 28/10/2022

प्रति,

डॉ. आई.आर. सोनवानी जी,
सेवानिवृत्त प्राचार्य
(प्राध्यापक इतिहास)

विषय :– अतिथि व्याख्यान हेतु आमंत्रण पत्र।

––000––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 31.10.2022 समय 12:00 बजे, विषय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का स्वाधीनता आन्दोलन व एकीकरण में योगदान पर अतिथि व्याख्यान आयोजित है। उक्त आयोजन में आप विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित है।

कृपया निर्धारित तिथि को विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान हेतु महाविद्यालय में उपस्थित होने की सहमति प्रदान करने का कष्ट करें।

विभागाध्यक्ष
इतिहास विभाग

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी_महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.com

Email : govt.collegeghumka@gmail.com

दिनांक 31.10.2022

## //उपस्थिति प्रमाण–पत्र//

प्रमाणित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में ......इतिहास...... विभाग द्वारा आयोजित अतिथि व्याख्यान में श्री/श्रीमती/डॉ. आर. आर. सोनवानी जी पदनाम सेवानिवृत्त प्राचार्य ......... संस्था का नाम ........................................ ने आज दिनांक 31.10.2022 को उपस्थित होकर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का स्वाधीनता आन्दोलन व एकीकरण में योगदान विषय पर व्याख्यान दिया। इस सारगर्भित व्याख्यान से छात्र/छात्राएँ लाभान्वित हुए।

31.10.2022
विभागाध्यक्ष
...इतिहास... विभाग

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 02.10.2022**

## //प्रतिवेदन//

**''घुमका महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस/महात्मा गांधी जयंती का आयोजन''**










**घुमका**:– शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.) में अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस/महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर दिनांक 02.10.2022 को व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. बी.के. देवांगन ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा के वर्तमान समय में भी सार्थकता पर प्रकाश डालकर सत्य और अहिंसा व्रत के पालन करने के लिए सभी को प्रेरित किए। श्री दीपक वर्मा सहायक प्राध्यापक इतिहास ने गांधी जी के संक्षिप्त जीवन यात्रा और उपलब्धियों पर व्याख्यान देते हुए ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध गांधीवादी रणनीतियों पर विस्तृत रूप से जानकारी साक्षा किए। कार्यक्रम का संचालन श्री बी.पी. वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने किया। इन्होने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को अंहिसा के पालन हेतु शपथ ग्रहण कराये।

इस कार्यक्रम में डॉ. श्री एस.एन. कामड़ी, डॉ. के.डी. देशलहरा, डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, डॉ. रोहन प्रसाद, श्रीमती प्रीति खुरसैल, श्री विनोद कुमार वर्मा, श्री जयप्रकाश वर्मा, श्री रंजीत निर्मलकर, श्री देवशरण वर्मा, श्री उकेश कुमार साहू, श्री ओमहरि साहू एवं महाविद्यालय के स्टाप एवं छात्र–छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)


web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

**दिनाँक 12.01.2023**

## //प्रतिवेदन//

## ''घुमका महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन ''




**घुमकाः**— शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में दिनांक 12 जनवरी 2023 स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. बी.के. देवांगन ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामना देते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को अपनाते हुए चरित्र निर्माण करने के लिए प्रेरित किए। इस अवसर पर श्री दीपक वर्मा, सहायक प्राध्यापक इतिहास ने विवेकानंद जी के व्यक्तित्व जीवनदर्शन और मानव सेवोन्मुखी योगदान पर सारगर्भित व्याख्यान दिए साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री भारतेन्दू प्रसाद वर्मा ने महाविद्यालय छात्र–छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के द्वारा बताए गए पथ का अनुकरण करने एवं राष्ट्र सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एस.एन. कामड़ी डॉ. के.डी देशलहरा, डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, डॉ. रोहन प्रसाद, श्रीमती प्रीति खुरसैल, श्री देवशरण वर्मा, श्री उकेश कुमार साहू, श्री ओमहरि साहू एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएँ बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915


दिनाँक 12.01.2023

## //फोटोग्राफ्स//

## "घुमका महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन"











(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)


डिजीटल माध्यम का प्रयोग
GPS Map Camera
Gidhwa, Chhattisgarh, India
73HW+J8F, Gidhwa, Chhattisgarh 491444, India
Lat 21.27921°
Long 81.095921°
30/11/22 01:12 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gidhwa, Chhattisgarh, India
73HW+J8F, Gidhwa, Chhattisgarh 491444, India
Lat 21.27921°
Long 81.095915°
30/11/22 01:05 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gidhwa, Chhattisgarh, India
73HW+J8F, Gidhwa, Chhattisgarh 491444, India
Lat 21.279211°
Long 81.095919°
30/11/22 01:38 PM GMT +05:30
Google